# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने नौ नई नीतियाँ लॉन्च की

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राजस्थान के मुख्यमंत्री** ने निवेश को बढ़ावा देने और **राज्य के आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से नौ नई नीतियों को लॉन्च** किया।

- ये नीतियाँ **9 से 11 दिसंबर 2024 तक जयपुर** में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से पहले लॉन्च की गईं।

## प्रमुख बिंदु

- **राज्य विकास पर लक्षित नीतियाँ:**
  - नव अनुमोदित नीतियों और योजनाओं का उद्देश्य राजस्थान में **आर्थिक प्रगति, रोज़गार सृजन और सामाजिक समृद्धि सुनिश्चित** करना है।
  - राजस्थान के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिये हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन नीतियों को मंजूरी दी गई।
  - नीतियाँ क्षेत्र-विशिष्ट पहलों पर केंद्रित हैं:
    - **MSME नीति:** इसका उद्देश्य **स्थानीय उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम** बनाना है।
    - **निर्यात प्रोत्साहन नीति: राजस्थान के उत्पादों की वैश्विक पहुँच** बढ़ाने पर केंद्रित।
    - **एक ज़िला-एक उत्पाद नीति:** यह स्थानीय उत्पादकों के लिये बुनियादी ढाँचे का निर्माण करके **ज़िला-विशिष्ट शिल्प** को समर्थन प्रदान करती है।
    - **पर्यटन नीति:** रोज़गार सृजन के लिये पारिस्थितिकी पर्यटन और विरासत पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।
    - **स्वच्छ ऊर्जा नीति:** सौर, पवन **और** हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के माध्यम से राजस्थान को नवीकरणीय ऊर्जा में अग्रणी के रूप में स्थापित करना।
    - **खनिज नीति:** वर्ष 2046 तक 1 करोड़ नौकरियों और 1 लाख करोड़ रुपए वार्षिक राजस्व का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
    - **क्लस्टर विकास योजना: कच्चे माल और प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुँच के** साथ क्लस्टर आधारित लघु उद्योग विकास को प्रोत्साहित करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-cm-launched-nine-new-policies